## जंगल की आग संबंधी सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रम (Community Wildfire Safety Program) विस्तृत जानकारी वाला वीडियो स्क्रिप्ट (Long Form Video Script) – PSPS निर्णय लेना

- PG&E हमारी इलेक्ट्रिक प्रणाली की सुरक्षा में सुधार करने और जंगल की आग के जोखिमों को कम करने के लिए प्रतिदिन काम कर रही है।

- तेज़ हवाएं पेड़ों की शाखाओं या कचरे को ऊर्जा प्रदान करने वाली इलेक्ट्रिक लाइनों के संपर्क में ला सकती हैं, जिससे हमारे उपकरण को नुकसान हो सकता है और बड़ी जंगल की आग का कारण बन सकती है। हमें ऐसी आगों को रोकने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा हेतु बेहद खराब मौसम में बिजली बंद करनी पड़ सकती है, इसे पब्लिक सेफ्टी पावर शटऑफ (PSPS) कहा जाता है।

- यह एक ऐसा निर्णय नहीं है जिसे हम हल्के में लेते हैं। बिजली आपूर्ति बंद करने से जंगल की आग को रोकने में मदद मिल सकती है लेकिन हमें पता है कि इससे हमारे ग्राहकों को परेशानी हो सकती है और ऐसा हमारे ग्राहकों और समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए ही किया जाता है।

### <u>जब पब्लिक सेफ्टी पावर शटऑफ का निर्धारण आवश्यक है</u>

- जब सुरक्षा के लिए बिजली बंद करना आवश्यक होता है तो PG&E कैसे इसका निर्णय लेती है?

- PG&E के पास मौसम विज्ञानियों और जंगल की आग से सुरक्षा के विशेषज्ञों की एक टीम है जो हमारे पूरे सेवा क्षेत्र में मौसम की स्थितियों की निगरानी करती है

- जब मौसम का पूर्वानुमान बहुत खराब होता है, कि लोगो की सुरक्षा, जिंदगियाँ, घर और व्यवसाय जंगल की आग के जोखिम में हो सकते हैं तो हम पब्लिक सेफ्टी पावर शटऑफ का कदम उठाते हैं।

- चूंकि मौसम की प्रत्येक स्थिति अनूठी होती है, इसलिए हम जब बिजली बंद किए जाने का निर्णय ले रहे होते हैं तो अनेक कारकों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करते हैं।

- इन मानकों में सामान्य रूप से निम्नलिखित शामिल होते हैं:

    - **रेड फ्लैग चेतावनी,** राष्ट्रीय मौसम सेवा (National Weather Service) द्वारा घोषित
    - **नमी के कम स्तर**, सामान्य रूप से 20 प्रतिशत और इससे कम
    - **तेज़ हवाओं का पूर्वानुमान**, विशेष रूप से हवाओं का लगातार 25 मील प्रति घंटे से ज्यादा होना और हवाओं के झोंके 45 मील प्रति घंटे से ज्यादा होना।
    - सजीव वनस्पतियों में **ज़मीन पर सूखा ईंधन और कम नमी वाले घटक**।

- जंगल की आग संबधी सुरक्षा प्रचालन केंद्र (Wildfire Safety Operations Center) में **रीयल-टाइम अवलोकन** और हमारे सारे सेवा क्षेत्र में PG&E कर्मीदल के ज़रिए ऑन-द-ग्राउंड अवलोकन।

(हम यह देखते हैं कि हमें कहाँ पर PSPS को लागू करने की ज़रूरत है, कहाँ पर तेज़ हवाओं का संगम या संयोग है जो आउटेज गतिविधि और बहुत ज्यादा या अत्यधिक आग की संभावनाओं वाला इंडेक्स उत्पन्न कर सकता है। यह हमारे बुनियादी ढाँचे को नुकसान और बड़ी आग की संभावना का संयोग होता है।)

इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, घटना कमांडर एक संभावित PSPS घटना के दायरे के बारे में प्रभारी अधिकारी को सिफारिश करता है। वास्तविक शटऑफ से पहले पुष्टि करने या इसे समाप्त के लिए अंतिम निर्णय लेने के लिए एक जैसी प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है।

**PG&E कैसे सूचना को साझा करती है?**

- इस बात को ध्यान में रखते हुए कि मौसम की स्थितियाँ अनिश्चित हो सकती हैं, हम मौसम और हमारे उपकरणों के बारे में जो कुछ भी जानते हैं उसे साझा करने के लिए हमेशा अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

- हमारा लक्ष्य, जब भी पूर्वानुमान से मदद मिलेगी, दो दिन पहले, एक दिन पहले और बिजली बंद करने से ठीक पहले ग्राहक सूचनाएं भेजना है।

- हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव सब कुछ करेंगे कि पब्लिक सेफ्टी पावर शटऑफ की योजना के लिए ग्राहकों के पास आवश्यक जानकारी हो। हम स्वचालित कॉल, टेक्स्ट और ईमेल द्वारा सूचनाएं भेजेंगे।

- इस वर्ष, हम अपनी ग्राहक सूचना को इस बारे में अपडेट कर रहे हैं कि PSPS घटनाओं के दौरान क्या उम्मीद की जाए ताकि पहले से अधिक विवरण प्रदान किया जा सके, जिसमें यह शामिल होगा कि कौन से क्षेत्र और पते प्रभावित होंगे और बिजली बहाली का अनुमानित समय।

- हम अपनी वेबसाइट, pge.com, और सोशल मीडिया पर अपडेट भी पोस्ट करेंगे और उन्हें स्थानीय समाचारों के साथ साझा करेंगे।

- ग्राहकों को दिन में कम से कम एक बार सूचित किया जाएगा जब तक कि उनकी बिजली बहाल नहीं हो जाती।

*(ग्राहक टीम के लिए, यह वास्तव में महत्वपूर्ण होता है कि गुंजाइश कहाँ है और इसका उन ग्राहकों के लिए क्या मतलब है जिनसे हमने संपर्क किया है या जिनके साथ संचार नहीं किया गया है? हमें उनके साथ साझा करने में सक्षम होना है कि क्या प्रभाव होगा, अवधि कितनी होगी और वे उस प्रभाव को कम करने के लिए कैसे और क्या कर सकते हैं)*

**PG&E बिजली की बहाली कैसे करती है?**

बेहद ख़राब मौसम बीत जाने के बाद, PG&E सुरक्षित रूप से बिजली बहाल करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक मौसम "ऑल क्लियर" सूचना जारी करेगी।

*(हमारे लिए जब सब कुछ एकदम सही हो जाता है तो सबसे पहले हम यह करते हैं कि हम अपने कर्मचारियों को उचित स्थिति में पहले ही तैनात कर चुके होंगे। हमारे पास पहले से ही हमारी वायु एसेट्स (air assets) होंगे, हमारे हेलिकॉप्टर उसी के अनुसार तैनात होंगे। और जब हमें वह कुछ सब स्पष्ट हो जाएगा तो एक जैसी हिदायतें पूरे क्षेत्र में जाती है और हम अपनी गश्त और बहाली प्रक्रिया शुरू करते हैं। जब हमारे कर्मीदल गश्त कर रहे होते हैं तो उन्हें नुकसान के उन स्थानों का दस्तावेजीकरण भी करना पड़ता है, जिसके बारे में उन्हें पता नहीं होता या यह भी दस्तावेजीकरण भी करना पड़ता है कि यदि प्रणाली ऊर्जायुक्त रहती तो क्या हो सकता था*

- बिजली बहाली के कदमों में शामिल हैं:
    - मौसम का “एकदम साफ होना”
    - जाँच करना
    - मरम्मत करना
    - बहाल करना
    - और फिर ग्राहकों को सूचित करना कि बिजली बहाल कर दी गई है।
- पहले से सक्रिय रहकर सुरक्षा के लिए बिजली बंद करना अंतिम उपाय है और उन तरीकों में से एक है जिनपर PG&E खतरनाक जंगल की आग के जोखिम को कम करने के लिए काम कर रही है।
- जबकि PSPS जंगल की आग से सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन है, हम जानते हैं कि बिजली न होने से जीवन बाधित होता है, खासकर COVID-19 की वज़ह से चिकित्सा की जरूरत वाले और घर में शरण ले रहे ग्राहकों के लिए।

- यही कारण है कि हम सुरक्षा से समझौता किए बिना, अपने ग्राहकों पर PSPS की घटनाओं के प्रभाव को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

- जंगल की आग से सुरक्षा के PG&E के नवीनतम प्रयासों और हमारे द्वारा पब्लिक सेफ्टी पावर शटऑफ में सुधार के तरीकों के लिए, pge.com/psps पर जाएं।